आषाढ़ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10-10 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
सोमवार, 23 जून 2025
वर्ष 6, अंक 213, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 06 BOTTOM

# केसरिया तेरा इश्क है पिया



रिद्धिमा में स्वर अर्पण में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**● एसआरएमएस रिद्धिमा में स्वर अर्पण का हुआ आयोजन**

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम स्वर अर्पण का आयोजन हुआ, जिसमें गायन गुरुओं और शिष्यों ने अपने स्वरों से तराने छेड़े और गीतों की बारिश की।

कार्यक्रम की शुरुआत गीत 'होठों से छू लो तुम' से गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नव कनौजिया, अद्विका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने की। अर्णव ने केसरिया तेरा इश्क है पिया को अपने स्वरों में प्रस्तुत किया। स्वरित तिवारी ने ओ रंगरेज तेरी रंग दरिया में को अपनी आवाज दी। गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डॉ.रजनी अग्रवाल ने जब मेरी हकीकत जा जा कर गीत प्रस्तुत किया। अतिथि कलाकार इंदू परडल ने मैंने लाखों के बोल सहे को अपने अंदाज में गाया। गुरु शालिनी पांडेय ने नियत ए शौख भर न जाए, गुरु प्रियंका ग्वाल ने नजरिया लग जाएगी, स्नेह आशीष दुबे ने राग मधुवंती की छाप ताल को श्रोताओं के सामने रखा। गुरु प्रियंका ग्वाल और शालिनी पांडेय ने भरे नैना को अपने स्वर दिए। वादन गुरुओं में उमेश मिश्रा (सारंगी), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), टुकमनी सेन (हारमोनियम), सूरज पांडेय (बांसुरी), सुमन विश्वास (तबला व कजन), अमरनाथ (तबला), अनुग्रह सिंह (कीबोर्ड व ड्रम) और विशेष सिंह (गिटार) ने वाद्य यंत्रों के साथ अच्छी संगत दी। इस दौरान चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शरद जौहरी, डॉ. पीके परडल, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. रीटा शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।